उत्पादों के मानकीकरण और गुणवत्ता प्रणालियों की निगरानी हेतु 8वीं राज्य स्तरीय बैठक आयोजित

चर्चा में क्यों?

10 जुलाई, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में विभिन्न उत्पादों के मानकीकरण और गुणवत्ता प्रणालियों की निगरानी के लिये 8वीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार विभागों में निर्माण कार्यों में खरीद के लिये मानकीकरण सेल स्थापित करेगी जिससे निगरानी के साथ कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा।
- यह सेल मानकीकरण गतिविधियों के संबंध में राज्य सरकार, उद्योगों और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के बीच समन्वय स्थापित करेंगे।
- राज्य में विभिन्न उत्पादों के मानकीकरण और गुणवत्ता प्रणालियों की प्रभावी निगरानी के लिये राज्य एवं ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण कैंप लगाए जाएंगें।
- मानकीकरण प्रणालियों के लिये राज्य में उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा को नोडल विभाग बनाया गया है।
- मुख्य सचिव ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य सरकार के विभागों द्वारा बीआईएस प्रमाणित उत्पादों एवं सेवाओं की खरीद पर बल देते हुए कहा कि ब्यूरो की यह सराहनीय पहल है। इसलिये लोगों को आईएसआई मार्का गुणवतायुक्त उत्पाद एवं सामग्री ही खरीदनी चाहिये।
- आईएसआई मार्का की जानकारी के लिये ब्यूरो के 'बीआईएस केयर एप' पर लाईसेंस संबंधी जाँच की जा सकती है तथा राज्य में मजबूत गुणवत्ता वाला इको सिस्टम बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार की गतिविधियाँ आवश्यक हैं।
- बैठक में मानक निर्माण को बढ़ावा देने, अनुरूपता मूल्यांकन और उपभोक्ता आउटरीच पर राज्य सरकार के अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर भी चर्चा हुई।
- बैठक में राज्य में मानकीकरण प्रणालियों के निर्माण के संबंध में सरकार, उद्योग और बीआईएस के बीच संचार चैनल के रूप में कार्य करने के बारे विस्तार से चर्चा की गई।
- इसके अलावा बीआईएस की पाइप पेयजल आपूर्ति प्रबंधन प्रणाली के लिये मानकों का कार्यान्वयन, रेडी मिक्स कंक्रीट प्रक्रिया प्रमाणन, प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन योजना, हॉल मार्किंग, दूध और दूध उत्पादों के लिये अनुरूपता मूल्यांकन योजना, केंद्र सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के कार्यान्वयन की रणनीति जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तार से अवगत कराया गया।
- बैठक में भारतीय मानक ब्यूरो के उप-महानिदेशक राजीव पी. ने बीआईएस के उद्देश्यों से अवगत करवाते हुए एजेंडे पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/8th-state-level-meeting-for-standardization-of-products-monitoring-of-quality-systems